तापमान
अधिकतम 40 .5 डिग्री
न्यूनतम 15 .4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार 16 अप्रैल 2026

11 अधिकारियों की लापरवाही पर बरसे पार्षद



12 मेयर के लिए 13 दावेदार, 22 वार्डों में भी घमासान




### सीबीएसई ने 10वीं का रिजल्ट घोषित किया, जिले के होनहारों ने बिना ट्यूशन के गाड़े सफलता के झंडे

# मनन 99.9, सानवी, अनंत व समीश ने 99.2 प्रतिशत अंक लेकर किया टॉप

## जिले में करीब नौ हजार ने दी थी परीक्षा, परिणाम से खुशी हुई दोगुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से बुधवार दोपहर को कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। परीक्षा परिणाम शानदार जारी होने पर विद्यार्थियों के चेहरे खिले नजर आए। विद्यर्थियों का कहना है कि उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर प्रतिदिन पांच से छह घंटे पढ़ाई की। लक्ष्य निर्धारित कर की गई तैयारी से उन्हें शानदार सफलता मिली है। परीक्षा परिणाम आने के बाद स्कूलों में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त करने के लिए बनाई योजनाओं पर चर्चा की। परीक्षा परिणाम में जिले के जानकी दास स्कूल के मनन वाधवा ने 99.9 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। वहीं शिवा शिक्षा सदन की सानवी, ब्राइट स्कॉलर स्कूल के अनंत व समीश गुप्ता ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त परिवार, स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है।सीबीएसई के जिला समन्वयक प्रेम कुमार ओझा ने बताया कि इस वर्ष जिले में कक्षा 10वीं के करीब 9000 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। विद्यार्थी लंबे समय से परीक्षा परिणाम के आने का इंतजार कर रहे थे। बुधवार को जारी किए गए परीक्षा परिणाम में कक्षा 10वीं का परिणाम शानदार रहा। परीक्षा परिणाम आने के बाद स्कूल प्रबंधन, विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों में खुशी का माहौल रहा। रिजल्ट पर बच्चों ने जमकर खुशी मनाई।



### मनन : डॉक्टर बनकर दूसरों की सेवा करना लक्ष्य

जानकी दास पब्लिक स्कूल की कक्षा 10वीं के छात्र मनन वाधवा ने सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में 99.9 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मनन वाधवा ने बताया कि उनका सपना डॉक्टर बनना है। डॉक्टर पेशा सम्मानजनक है। इससे हमें दूसरों की सेवा करने का मौका मिलता है। वह सपने को पूरा करने के लिए कक्षा 11वीं में मेडिकल लेकर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करेंगे। निजी कंपनी में सीनियर मैनेजर पिता विभोर वाधवा व गृहिणी मां शालनी वाधवा ने मनन की सफलता पर खुशी जताई। उन्होंने बताया कि मनन शुरू से ही पढ़ाई में होनहार रहा है। मनन से पूरा साल अवकाश के दिन भी रोजाना 4 घंटे नियमित रूप से पढ़ाई पर ध्यान दिया।

### सानवी : मेडिकल लेकर नीट की तैयारी करूंगी



शिवा शिक्षा सदन स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्रा सानवी छिक्कारा ने सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सानवी ने बताया कि वह कक्षा 11वीं में मेडिकल लेकर आगे की पढ़ाई पर ध्यान देंगी। साथ ही राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) परीक्षा की तैयारी करेंगी। उनका लक्ष्य डॉक्टर बनकर लोगों का सहयोग करना है। उन्होंने बिना ट्यूशन के इस मुकाम को हासिल किया है। परीक्षा को लेकर कड़ी मेहनत की। जो स्कूल में पढ़ाया जाता, उसी की घर आकर 5 से 6 घंटे तक तैयारी की। जिस विषय में अटक जाती थी, अगले दिन शिक्षकों से मिलकर शंका का समाधान करती थी। आवश्यकता पड़ने पर ही मोबाइल का प्रयोग किया। समय सारणी बनाकर मेहनत की, जिसका परिणाम आज सबके सामने हैं। सानवी के पिता विकास छिक्कारा फिजिक्स लैक्चरर व मां सरिता छिक्कारा साइंस की टीचर हैं।



### अनंत : इंजीनियर बनने के लिए कर रहे मेहनत

ब्राइट स्कॉलर स्कूल की कक्षा 10वीं के छात्र अनंत नेहरा ने सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अनंत नेहरा ने बताया कि वह आगे आईआईटी की तैयारी कर इंजीनियर बनना चाहते हैं। उन्होंने परीक्षा से दो माह पहले रोजाना 3 सैंपल पेपरों को सॉल्व करके तैयारी सुदृढ़ बनाया। इससे पहले स्कूल में रोजाना उन्हें जो पढ़ाया गया, उसी की घर आकर 3 घंटे तक तैयारी की। अलग से किसी प्रकार का ट्यूशन नहीं लिया। पुराने प्रश्न पत्र के आधार पर नोट्स तैयार किए। पढ़ाई के काम के लिए ही मोबाइल का प्रयोग करता था। विषय को भली-भांति समझकर उसकी अच्छे से तैयारी की। इंजीनियर बनने के सपने को पूरा करने के लिए ही मेहनत कर रहा हूं। उनके पिता भूपेंद्र नेहरा व्यवसायी हैं, जबकि मां निधि नेहरा नरेला स्थित आरके इंटरनेशनल स्कूल में प्राचार्य के पद पर सेवाएं दे रही हैं।

### समीश गुप्ता : आईएएस बनकर देश सेवा का लक्ष्य



ब्राइट स्कॉलर स्कूल की कक्षा 10वीं के छात्र समीश गुप्ता ने सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। समीश गुप्ता का सपना सिविल सर्विसेज की तैयारी कर आईएएस अधिकारी बनना है। वह बड़े होकर देश सेवा में जीवन व्यतीत करना चाहते हैं। समीश ने बताया कि परीक्षा के लिए उन्होंने अलग से कोई ट्यूशन नहीं ली। शिक्षकों ने स्कूल समय में जो पढ़ाया, घर पर उसी की अच्छे से तैयारी की। मम्मी-पापा ने हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्कूल समय के अलावा पढ़ाई को घर पर 4 से 5 घंटे दिए। बेहतर अंक प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर मेहनत की। जैसी मेहनत की थी, उसी के अनुसार अंक मिले हैं। आगे और बेहतर करने का प्रयत्न करूंगा। परिवार में पिता मनीष गुप्ता प्राइवेट जॉब करते हैं, जबकि मां वंदना गुप्ता गृहिणी हैं। पिता मनीष गुप्ता ने बताया कि संघर्षपूर्ण जीवन में आज उनके लिए खुशी भरा दिन है।




सोनीपत। इंडियन मॉडर्न पब्लिक स्कूल में परीक्षा परिणाम पर छात्रों ने ऐसे मनाई खुशी।




### शिवा शिक्षा सदन का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**सोनीपत।** शिवा शिक्षा सदन के विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस बार विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे स्कूल में खुशी का माहौल है।कक्षा 10वीं में सानवी ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर दूसरा स्थान व विद्यालय स्तर पर पहला स्थान हासिल किया। चिराग गुप्ता ने 98.6 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में दूसरा और एंजल दहिया ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कई विद्यार्थियों ने अलग-अलग विषयों में भी पूरे अंक हासिल किए। कक्षा 10वीं के परिणाम में सानवी ने 99.2% अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल किया। 95% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 23 विद्यार्थी, 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 69 विद्यार्थी, 85% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 122 विद्यार्थी, 80%अधिक अंक प्राप्त करने वाले 152 विद्यार्थी, 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 186 विद्यार्थी, 70% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 206 विद्यार्थी तथा 60% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 266 विद्यार्थी रहे। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार बंसल एवं निदेशक अरुण बंसल ने इस उपलब्धि के लिए समस्त विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।

# फसल बचाने के प्रयास में किसान की जलकर मौत

- ककरोई में दर्दनाक हादसे से गांव में मातम

**सोनीपत।** गांव ककरोई के खेतों में फांस में लगी आग को बुझाकर गेहूं की फसल बचाने की कोशिश एक किसान के लिए जानलेवा साबित हुई। बुधवार को फांस में लगी आग जब उनकी फसल की तरफ बढ़ी तो ककरोई निवासी उमेद सिंह (65) उसे काबू करने के लिए खेत में उतरे थे। इसी दौरान तेज हवा के कारण आग ने अचानक विकराल रूप ले लिया और किसान उसकी चपेट में आ गए। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उमेद सिंह को संभलने का मौका नहीं मिला और उनकी मौके पर ही जलकर मौत हो गई।

### कच्चे रास्ते में फंसी दमकल की गाड़ी

आग की सूचना के बाद अग्निशमन विभाग की गाड़ी सेक्टर 23 से गांव ककरोई के लिए रवाना हुई थी। अग्निशमन अधिकारी रामेश्वर सिंह के अनुसार सेक्टर 23 से भेजी गई गाड़ी खेतों के कच्चे रास्ते में फंस गई थी। इसके बाद खरखौदा से अग्निशमन विभाग की अन्य गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, जिन्होंने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में करीब 11 एकड़ गेहूं के फांस जलकर राख हो गए। गांव के सरपंच कर्मबीर ने बताया कि वह बुधवार को गांव से बाहर थे और वापस लौटने पर उन्हें इस दुखद घटना की जानकारी मिली। तब तक परिजनों द्वारा किसान का अंतिम संस्कार किया जा चुका था।

### पुलिस को हादसे की सूचना नहीं मिली

गांव ककरोई में किसान की खेत में जलने से मौत की सूचना नहीं मिली है। परिजन या पुलिस कंट्रोल रूम से भी जानकारी नहीं आई।
**-अशोक**, इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी सदर सोनीपत

### ट्रैक्टर की टक्कर में बैंककर्मी की मौत

**सोनीपत।** महलाना के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार बैंक कर्मचारी की मौत हो गई। सूचना के बाद ग्रामीणों ने मुकेश को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी उपचार के बाद मौत हो गई। वह 10 साल पहले जाट रेजिमेंट से सेवानिवृत्त हुए थे। गांव गुहणा फिलहाल विशाल नगर, रोहतक निवासी मुकेश (55) सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद कैनरा बैंक, सांपला में नौकरी कर रहे थे। वह फिलहाल बैंक में कैशियर के पद पर नियुक्त थे। वह अपने गांव आए हुए थे। बुधवार दोपहर किसी काम से बाइक पर सवार होकर सोनीपत आ रहे थे। जब महलाना गांव के पास पहुंचे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी।











डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. रणधीर सूद
चेयरमैन-गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

स्पेशलः वर्ल्ड लिवर-डे, 19 अप्रैल

यकृत (लिवर या जिगर) हमारे पाचन तंत्र का 'पावर हाउस' है। शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का माध्यम भी यही है। ऐसे में अगर इसकी प्रॉपर केयर न की जाए तो कई सीरियस हेल्थ इश्यूज हो सकते हैं। अनहेल्दी लिवर के क्या लक्षण होते हैं, इनसे कैसी समस्याएं हो सकती हैं और लिवर को कैसे हेल्दी रख सकते हैं, इन सभी के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

# लिवर हेल्थ न करें इग्नोर हो सकती हैं गंभीर प्रॉब्लम्स







आज के दौर में अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और खासकर गलत खान-पान के कारण अनेक लोगों के लिवर पर बुरा असर पड़ रहा है। यही कारण है कि इन दिनों हर आयु वर्ग के लोगों में लिवर से संबंधित समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में लिवर हेल्थ को लेकर कॉन्शस रहना जरूरी है।

## अनहेल्दी लिवर के लक्षण

हालांकि कुछ लोगों के लिवर में खराबी से संबंधित लक्षण देर से सामने आते हैं। लेकिन अगर आप यहां बताए जा रहे लक्षणों में से कुछ को महसूस करते हैं और आपको लंबे समय तक समस्या हो रही है तो इस स्थिति में डॉक्टर से परामर्श करने में देर न करें।

- समय पर या अच्छी तरह दिन में दोनों वक्त भूख न लगना या धीरे-धीरे इसका आकार कम होते जाना।
- पेट में कुछ अंतराल पर या फिर लगातार दर्द होना।
- कुछ अंतराल पर या लगातार पेट में सूजन होना।
- बिना किसी वजह के शरीर का वजन कम होते जाना।
- पैरों में सूजन होना।
- कई दिनों तक बुखार का बना रहना।
- बिना अधिक परिश्रम किए थकावट महसूस करना।
- पीलिया (जॉन्डिस) के लक्षण सामने आना जैसे आंखों, नाखूनों और त्वचा के रंग का पीला होना।
- हमेशा जी मिचलाते रहना।
- अकसर दस्त की समस्या होना।

## लिवर से संबंधित मेन प्रॉब्लम्स

लिवर कैंसर, लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस और फैटी लिवर को प्रमुख बीमारियों में शुमार किया जाता है।

## लिवर कैंसर

लिवर से संबंधित कोई भी बीमारी जो लंबे समय से जारी हो, वह लिवर कैंसर बन सकती है। लिवर कैंसर के ये प्रमुख कारण हो सकते हैं। हेपेटाइटिस-बी और हेपेटाइटिस-सी। फैटी लिवर डिजीज और एल्कोहलिक लिवर डिजीज।

**ऐसे करें बचावः** अगर लिवर कैंसर का कारण हेपेटाइटिस-बी है, तो इसकी रोकथाम के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। अगर हेपेटाइटिस बी के कारण लिवर में संक्रमण है तो शुरुआती दौर में इसका इलाज संभव है। हेपेटाइटिस-सी के लिए वैक्सीन उपलब्ध नहीं है, लेकिन इसका इलाज संभव है।

अगर एल्कोहलिक लिवर डिजीज के कारण लिवर कैंसर पनप चुका है तो ऐसी स्थिति में सबसे पहले शराब पीना बंद करना जरूरी है, क्योंकि यह समस्या काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने के कारण होती है।



**लाइलाज नहीं है लिवर कैंसरः** सबसे पहले यह पता लगाया जाता है कि लिवर कैंसर की अवस्था (स्टेज) क्या है। ऐसे कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में सर्जरी भी कर सकते हैं या फिर मरीज की स्थिति के मद्देनजर लिवर ट्रांसप्लांट भी किया जा सकता है। अगर कैंसर स्टेज 3 या 4 में है तो इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के जरिए भी इलाज किया जा सकता है।

## लिवर सिरोसिस

लिवर कैंसर के जो कारण हैं, वे लिवर सिरोसिस के संदर्भ में भी लागू होते हैं। यही बात लिवर सिरोसिस की रोकथाम के संदर्भ में भी लागू होती है। खून की वॉमिट होना, आंत में रक्त स्राव होना, पेट में पानी भरना लिवर सिरोसिस के कुछ प्रमुख लक्षण हैं। इसके अलावा मरीज का असामान्य बातें करना, जिसे सहज भाषा में मरीज का 'असामान्य होना' भी कहते हैं। मरीज बेहोश भी हो सकता है। इसके अलावा मरीज के रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर भी गिर जाता है।

**इन पर करें अमलः** लिवर सिरोसिस से ग्रस्त होने पर शराब का सेवन (अगर करते हैं) तुरंत छोड़ देना चाहिए। इसके अलावा लिवर सिरोसिस की स्थिति में पीड़ित व्यक्ति का इलाज उसकी शारीरिक स्थिति और लक्षणों के आधार पर किया जाता है। लिवर सिरोसिस को दवाओं से नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है, जिसके कारण मरीज की जीवन अवधि बढ़ सकती है।

## फैटी लिवर

अगर लिवर में अत्यधिक वसा कोशिकाएं (फैट सेल्स) संचित हो जाती हैं तो इस स्थिति को फैटी लिवर डिजीज कहते हैं। फैटी लिवर का पता पेट के अल्ट्रासाउंड से लगता है।

**फैटी लिवर के प्रकारः** यह दो प्रकार का हो सकता है- एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज और नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज।

**प्रमुख लक्षणः** दोनों प्रकार की फैटी लिवर की समस्याओं में अकसर पेट से संबंधित तकलीफें महसूस होती हैं। जैसे पेट दर्द, दस्त होना, पेट फूलना, गैस बनना, बदहजमी, भूख कम लगना और कब्जियत आदि।

**कारणः** नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर के ज्यादातर मामले अस्वास्थ्यकर खान-पान, नियमित रूप से व्यायाम या शारीरिक श्रम न करने और मोटापे के कारण होता है। जो लोग जंक फूड्स व अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार को प्रतिदिन या अकसर ग्रहण करते हैं, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का खतरा बहुत ज्यादा होता है।

इन दिनों युवा वर्ग भी बड़े पैमाने पर नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं, जिसका एक प्रमुख कारण फैटी फूड्स और जंक फूड्स को अपने खान-पान में वरीयता देना है।

**इन्हें है ज्यादा रिस्कः** नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या होने का रिस्क उन्हें ज्यादा होता है-

- जो लोग मोटापे से ग्रस्त हैं या फिर जिनका बॉडी मास इंडेक्स 25 से ऊपर है, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का जोखिम ज्यादा है।
- मोटापे से ग्रस्त जिन लोगों के पेट पर शरीर के अन्य भागों की तुलना में कहीं ज्यादा चर्बी संचित होती है, उन्हें फैटी लिवर होने का जोखिम ज्यादा है।
- मधुमेह से ग्रस्त लोगों को फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा रहता है। इसलिए ऐसे लोगों को ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखना चाहिए।
- जिन लोगों के रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर ज्यादा है, उनमें भी फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा होता है। इस संदर्भ में डॉक्टर से परामर्श लेकर लिपिड प्रोफाइल टेस्ट करवाना चाहिए।

**बचाव के उपायः** एल्कोहलिक फैटी लिवर काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने से होता है, जिसकी रोकथाम में सबसे पहले शराब छोड़ना जरूरी है। इसके बाद मरीज को दवाएं भी दी जाती हैं। फैटी फूड्स और जंक फूड्स से जहां तक संभव हो परहेज करें। शारीरिक स्थिति और उम्र के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करें। बेहतर रहेगा कि आप व्यायाम करने से पूर्व इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट और अपने डॉक्टर से परामर्श लें। जो लोग मोटापे के कारण फैटी लिवर की समस्या से ग्रस्त हैं, अगर वे अपने वजन को खान-पान और व्यायाम के जरिए 7 से 10 प्रतिशत तक कम कर लेते हैं तो उन्हें काफी राहत मिल सकती है। अगर जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन करने के बाद भी वांछित परिणाम नहीं मिलते, समस्या बनी रहती है तो फैटी लिवर से छुटकारा पाने के लिए दवाएं दी जाती हैं।



### लिवर को ऐसे रखें स्वस्थ



**मोटापा आपके** लिवर हेल्थ के लिए हार्मफुल है। अपने बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को 25 से ऊपर न जाने दें, इस संदर्भ में अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**लिपिड प्रोफाइल जांचः** समय-समय पर डॉक्टर के परामर्श से लिपिड प्रोफाइल जांच कराते रहें ताकि यह पता चल सके कि आपके रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर बढ़ा तो नहीं है। अगर ये स्तर बढ़ा है तो फिर डॉक्टर के परामर्श से दवाएं लें।

**शराब से दूरीः** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार शराब और अन्य मादक पदार्थ लिवर पर बुरा असर डालते हैं।

**ब्लड शुगर करें नियंत्रितः** जो लोग डायबिटिक हैं, वे रक्त शर्करा स्तर (ब्लड शुगर लेवल) को डॉक्टर के परामर्श से नियंत्रित रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि बढ़ा हुआ शुगर लेवल फैटी लिवर और इससे संबंधित समस्याओं के जोखिम को बढ़ाता है।

**हेल्दी लाइफस्टाइलः** इसके अंतर्गत आहार में मौसमी फलों, सब्जियों और साबुत अनाजों को वरीयता दें। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार प्रतिदिन 20 से 30 मिनट व्यायाम करें, योगासन करें या टहलें।

जंक फूड्स, अत्यधिक चिकनाईयुक्त और मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज करना चाहिए। शराब और अन्य मादक पदार्थों से परहेज करें। सोयाबीन, अलसी, ब्रोकली, अखरोट, सीड्स और अंकुरित अनाजों को आहार में वरीयता देना लिवर के लिए लाभप्रद है।

## हेपेटाइटिस की समस्या

लिवर में संक्रमण और सूजन की स्थिति को हेपेटाइटिस कहते हैं। हेपेटाइटिस, वायरल संक्रमण है, जिसके पांच प्रमुख प्रकार हैं- हेपेटाइटिस-ए, हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी, हेपेटाइटिस-डी और हेपेटाइटिस-ई।

**हेपेटाइटिस ए और ईः** इन दोनों का वायरस दूषित खाद्य पदार्थों और प्रदूषित पेयजल के जरिए व्यक्ति को संक्रमित करता है। इसलिए दोनों हेपेटाइटिस से बचाव के लिए स्वच्छ खाद्य पदार्थ ग्रहण करें और शुद्ध जल पिएं। इन दोनों हेपेटाइटिस में लगभग 1 प्रतिशत मरीज गंभीर स्थिति में पहुंचते हैं। इनसे ग्रस्त लोगों का इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाता है। हेपेटाइटिस-ए से बचाव के लिए वैक्सीन उपलब्ध हैं। अगर समुचित इलाज नहीं कराया गया तो हेपेटाइटिस-ई गर्भवती महिलाओं और उनके गर्भस्थ शिशुओं को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

**हेपेटाइटिस-बीः** इससे बचाव के लिए टीका (वैक्सीन) उपलब्ध है। इसके अलावा कुछ दवाओं से इस मर्ज को नियंत्रित किया जा सकता है।

**हेपेटाइटिस-सीः** इसके इलाज में दवाएं काफी हद तक कारगर हैं।

**हेपेटाइटिस-डीः** जिन लोगों को हेपेटाइटिस-बी का संकमण होता है, वही हेपेटाइटिस-डी से ग्रस्त होते हैं। मरीज के लक्षणों के आधार पर इसका इलाज किया जाता है।

## इन बातों पर भी दें ध्यान

- डॉक्टर की सलाह के बगैर पेनकिलर्स या फिर एंटीबायोटिक्स लेना लिवर की सेहत के लिए नुकसानदेह है।
- दिन भर विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए लगभग 3 से 5 ग्राम नमक (चाय की छोटी चम्मच की मात्रा भर) का सेवन किया जा सकता है। नमक का अधिक सेवन लिवर के लिए नुकसानदेह है।
- ट्रांस फैट्स से बचें। जब तेल में खाद्य पदार्थों को बार-बार तला जाता है तो ऐसे खाद्य पदार्थों में ट्रांस फैट्स की मात्रा बढ़ जाती है। ट्रांस फैट्स से निर्मित खाद्य पदार्थों में अतिरिक्त कैलोरीज होती हैं, जिससे वजन तेजी से बढ़ता है और ऐसे खाद्य पदार्थों के सेवन से कालांतर में लिवर की कोशिकाओं पर वसा की परत संचित होने लगती है, जिससे लिवर में सूजन संभव है।
- अत्यधिक शुगर और 'कृत्रिम स्वीटनर्स' युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें, क्योंकि ये कालांतर में लिवर के लिए नुकसानदेह हैं। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

---

अवेयरनेस
डॉ. मोनिका शर्मा

# अपनी आवाज का रखें ध्यान





विचारों की अभिव्यक्ति से लेकर मनोभावों को जताने तक आवाज जरूरी है। बावजूद इसके आवाज की केयर को लेकर सजगता बहुत कम लोगों में होती है। इस बारे में मेडिकल सलाह लेने को लेकर ज्यादातर सोचा ही नहीं जाता है। हर साल 16 अप्रैल को मनाया जाने वाला **वर्ल्ड वॉयस डे**, ना केवल आवाज के महत्व को समझने बल्कि उचित देखभाल के लिए सजग करने से भी जुड़ा है। इस खास दिन पर पूरी दुनिया में वॉयस रिलेटेड परेशानियों के ट्रीटमेंट और प्रिवेंशन के तरीकों पर चर्चा होती है।

**बोलते समय रखें ध्यानः** आमतौर पर हम औपचारिक मीटिंग या मेलजोल में ही आवाज के पिच का ध्यान रखते हैं। आम जिंदगी में तीखे या तेज स्वर में बोलने के तरीके पर ध्यान ही नहीं दिया जाता। जबकि आवाज की सुरक्षा के लिए बहुत तेज बोलने से परहेज करना सबसे जरूरी है। साथ ही बहुत लंबे समय तक बोलने से भी बचना चाहिए। अगर बोलना जरूरी ही हो तो बीच में पानी पीते रहें। गले को हाइड्रेट रखने से आवाज को नुकसान नहीं पहुंचता। वोकल कॉर्ड्स को स्वस्थ रखने के लिए गले को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी होता है।

**स्पेशलिस्ट की लें हेल्पः** किसी भी तरह का वॉयस डिसऑर्डर आम जिंदगी में कम्युनिकेशन और दूसरी एक्टिविटीज को गहराई से प्रभावित करता है। बचपन से ही किसी को बोलने या उसकी आवाज में परेशानी है तो स्पीच लैंगवेज स्पेशलिस्ट की भी हेल्प ली जा सकती है। ये वॉयस डिसऑर्डर्स का कारण बनने वाले फैक्टर्स को समझने और हेल्दी वॉयस बनाए रखने के तरीकों के स्पेशलिस्ट होते हैं।

**ऐसे रखें वॉयस का खयालः** धूम्रपान, शराब का सेवन और ऊंचे स्वर में बोलना आवाज को नुकसान पहुंचाने वाली आदतें हैं। तंबाकू के धुएं से वोकल कॉर्ड्स में जलन और सूजन की समस्या होती है। निकोटीन और दूसरे केमिकल्स मुंह, नाक, गले और लंग्स की सेहत बिगाड़ते हैं। आवाज अच्छी रखने के लिए ऑर्गंस के इस पूरे सिस्टम का स्वस्थ रहना जरूरी है। ध्यान रहे कि मसालेदार खाने, कोल्ड ड्रिंक्स एवं कैफीन युक्त पेय यानी चाय-कॉफी के अधिक सेवन से भी वॉयस हेल्थ पर दुष्प्रभाव पड़ता है। हाल के वर्षों में बढ़ते प्रदूषण से भी आवाज को नुकसान पहुंच रहा है। वक्त रहते ध्यान ना देने और नुकसान पहुंचाने वाली आदतों को जारी रखने से आवाज अचानक बंद हो जाने की स्थिति भी बन जाती है। बढ़ते पॉल्यूशन के बीच नियमित स्टीम लेना भी वॉयस हेल्थ सही रखने में मदद करता है। इस तरह आपकी आवाज अच्छी बनी रहेगी। *

---



डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# कुछ खाने-पीने में जब गले में हो दर्द



**मेरी उम्र 34 वर्ष है पिछले कुछ दिनों से कुछ भी खाते-पीते समय मेरे गले में दर्द होता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और मेरी यह प्रॉब्लम कैसे ठीक हो सकती है?**

**-पुनीत, बिलासपुर**

हालांकि इस समय मौसम में उतार-चढ़ाव बहुत हो रहा है। इस वजह से वायरल संक्रमण की समस्या तमाम लोगों में देखी जा रही है। अगर ऐसा हो रहा है तो आपको गर्म पानी में नमक डालकर सुबह-शाम गरारा करना चाहिए। अगर इससे आराम नहीं मिलता तो जरूर आपको एक बार ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। फिलहाल आप फ्रिज में रखी कोई भी ठंडी चीज बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मैं दिन भर में 8-10 ग्लास पानी पी लेता हूं, फिर भी मेरा गला बार-बार सूखता रहता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-आयुष, रायपुर**

यह समस्या आपको पूरे साल रहती है या केवल गर्मियों में रहती है, आपने यह नहीं बताया। क्योंकि कई लोगों को प्यास अधिक लगती है और प्यास लगने पर गला सूखता है। लेकिन गर्मियों में ही यह समस्या देखी जाती है। अगर गर्मियों में ही ऐसा होता है तो चिंता की कोई बात नहीं है। अगर पूरे साल ऐसा लगता है तो जरूर आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से बिना किसी कारण के ही मेरा मन हमेशा उदास रहता है। अकसर चिड़चिड़ापन और गुस्सा आता रहता है। क्या ये डिप्रेशन के लक्षण हैं? बताएं, ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कौशल, हिसार**

यह समस्या आपको क्यों हो रही है, सबसे पहले इसका कारण ढूंढ़ना जरूरी है। आप यह देखें कि पिछले कुछ समय में जीवन में ऐसा क्या खास हुआ है? जो भी नई समस्या आई है तो उसका समाधान निकालें। अगर ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो जरूर आपको एक बार मनोरोग चिकित्सक से संपर्क कर लेना चाहिए। वे आपको प्रॉपर गाइड करेंगे। बगैर डॉक्टर से संपर्क करे, अपने मन से कोई भी दवाई ना खाएं।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। रोज सुबह जब मैं सोकर उठता हूं तो कुछ देर तक पीठ और कमर में जकड़न फील होती है। ऐसा क्यों होता है? कृपया मेरी इस समस्या का स्थाई समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-महेंद्र, ईमेल से**

यह समस्या उन लोगों को ज्यादा होती है, जिनकी मसल्स कमजोर होती हैं। उनको सुबह उठने पर अकड़न रहती है। इससे निजात पाने का स्थाई तरीका यह है कि आप सुबह-शाम कमर की एक्सरसाइज करें। इसके लिए आपको किसी फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर लेना चाहिए। साथ ही दूध और दूध से बने प्रोडक्ट्स का सेवन अधिक से अधिक करें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। मुझे पिछले कुछ महीनों से लगातार खांसी आ रही है और सांस लेने में भी प्रॉब्लम हो रही है। पहले मैं स्मोक करता था, लेकिन दो साल पहले वो भी छोड़ चुका हूं। फिर ऐसा क्यों हो रहा है? प्लीज मेरी प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जसवीर, रोहतक**

आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि जैसा आप बता रहे हैं कि पहले आप स्मोक करते थे। कई बार ऐसे लोगों को लंग्स में दिक्कत हो जाती है। कई बार हार्ट में प्रॉब्लम की वजह से भी ऐसा होता है। इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

योगोपचार
दिव्यज्योति 'नंदन'

आमतौर पर सूर्य नमस्कार को सर्दी के मौसम में करना अधिक लाभकारी माना जाता है। लेकिन इन दिनों की हल्की गर्मी में भी आप इसका अभ्यास कर सकते हैं। इससे क्या लाभ मिलेंगे और इसे करते समय क्या सावधानियां बरतें, जानिए।

# हल्की गर्मियों में भी लाभकारी सूर्य नमस्कार




सर्दियों में ही नहीं हल्की गर्मियों में भी सूर्य नमस्कार, उपयोग की दृष्टि से लाभकारी योगासन माना जाता है। अप्रैल के महीने में कई तरह के संक्रमणों की आशंका रहती है। न तो यह पूरी तरह से तपिश वाली गर्मी का महीना होता है और न ही ठंड होती है। ऐसे में इस समय सर्दियों की जड़ता से निकलकर शरीर गर्मी के लिए अनुकूलित होने की कोशिश करता है। यही वह समय होता है, जब सूर्य नमस्कार के जरिए आप अपने शरीर को न केवल तात्कालिक तौर पर बल्कि समूची गर्मियों के लिए स्वस्थ और अनुकूल बना सकते हैं। यह केवल योगासन नहीं है बल्कि यह 12 योग मुद्राओं का ऐसा समुच्चय है, जिसे करने से शरीर का हर अंग सक्रिय हो जाता है।

**इन दिनों इसलिए है फायदेमंदः** अप्रैल के महीने में ही हमारा शरीर आगे की तेज गर्मियों के लिए तैयार होता है। ऐसे में यह योगासन, गर्मियों के लिए शरीर को तैयार करने में मददगार साबित होता है। अप्रैल के महीने में तापमान धीरे-धीरे बढ़ता है इसलिए शरीर भी उसके अनुसार ढल जाता है, जबकि आगे के महीनों में तापमान काफी तेजी से बढ़ता है।

**मिलते हैं कई लाभः** अप्रैल में सूर्य नमस्कार करने से शरीर की इम्यूनिटी बढ़ती है और शरीर की हीट टोलरेंस को बढ़ाने में यह आसन मददगार होता है। इसी से शरीर की पसीने की प्रक्रिया भी सक्रिय होती है। इस तरह गर्मियों में होने वाली थकान और डिहाइड्रेशन की समस्या सूर्य नमस्कार के कारण कम हो जाती है, क्योंकि इस मौसम में शरीर को विटामिन डी की काफी ज्यादा जरूरत होती है और अप्रैल माह की सुबह की धूप विटामिन डी का सबसे अच्छा स्रोत होती है। इस महीने में नियमित सूर्य नमस्कार आसन करने से शरीर की जैविक घड़ी भी संतुलित रहती है।

**होता है फुल बॉडी वर्कआउटः** सूर्य नमस्कार अकेला ऐसा आसन है, जिससे फुल बॉडी वर्कआउट का लाभ मिलता है। क्योंकि इस आसन में शामिल 12 अवस्थाएं हमारी मांसपेशियों को खींचती हैं, जोड़ों को मजबूत करती हैं और रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाती हैं।

**मिलते हैं कई अन्य लाभः** इस आसन के जितने प्रत्यक्ष लाभ हैं, उससे कहीं ज्यादा अप्रत्यक्ष लाभ भी हैं, जैसे इसे नियमित करने से हमारा मेटाबॉलिज्म तेज होता है। कैलोरीज तेजी से बर्न होती हैं और पेट की चर्बी घटती है। यही नहीं सूर्य नमस्कार मानसिक संतुलन और तनाव मुक्ति में भी मददगार है। इससे दिमाग शांत रहता है, फोकस बढ़ता है और एंजाइटी कम होती है।

**विभिन्न अवस्थाएंः** सूर्य नमस्कार में जैसा कि हम जानते हैं 12 अवस्थाएं होती हैं और ये सभी अवस्थाएं अपने आपमें एक योगासन का प्रतिनिधित्व करती हैं। सूर्य नमस्कार में शामिल ये अवस्थाएं हैं- प्रणामासन, हस्तउत्तान आसन, पादहस्तासन, अश्व संचालनासन, दंडासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन, पर्वतासन। यही अवस्थाएं दोहराव के साथ भी होती हैं और इन सभी अवस्थाओं से शरीर के हर अंग की स्ट्रेचिंग हो जाती है, ये अच्छी तरह से सक्रिय भी हो जाते हैं।

**बरतें कुछ सावधानियांः** अप्रैल के महीने में सूर्य नमस्कार करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है।

- इस मौसम में सूर्य नमस्कार के लिए सबसे जरूरी है सही समय का चयन। सुबह 5:30 से 7:30 के बीच यह करने के लिए सबसे अच्छा समय होता है।
- इसे ऐसी जगह करना चाहिए, जहां सूर्य की किरणें सीधे आपके शरीर पर पड़ें।
- सूर्य नमस्कार हमेशा खाली पेट करना चाहिए।
- इन दिनों सूर्य नमस्कार करते समय शरीर में पानी का संतुलन बनाए रखना चाहिए। क्योंकि अप्रैल में डिहाइड्रेशन जल्दी होता है, इसलिए अभ्यास के बाद पर्याप्त पानी पीना जरूरी है।
- जिन लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो, हृदय रोग हो, कमर या रीढ़ की गंभीर समस्या हो या किसी गर्भवती महिला को सूर्य नमस्कार करना हो तो उससे पहले अपने डॉक्टर या प्रशिक्षित अनुभवी योग गुरु से सलाह ले लेनी चाहिए। *

## खबर संक्षेप

### नाबालिग के अपहरण के मामले में आरोपी दबोचा

**सोनीपत।** थाना राई पुलिस ने नाबालिग लड़की को अगवा करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अक्षय निवासी रविंद्र कॉलोनी सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस को 10 फरवरी 2026 को एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसकी नाबालिग बेटी को किसी अज्ञात व्यक्ति ने बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया है। शिकायत के आधार पर थाना राई में भारतीय न्याय संहिता व किशोर न्याय अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

### हमला करने के मामले में दो और आरोपी पकड़े

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली पुलिस ने बिट्टों से हमला करने के मामले में दो और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नवीन उर्फ रिंकू और कपिल निवासी नरेला, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 31 मार्च 2026 को गांव खेवड़ा निवासी सितेंद्र ने शिकायत दी थी कि वह अपने साथियों के साथ कार्यालय में बैठा था। इसी दौरान देर रात तीन गाड़ियों में सवार 7-8 युवक वहां पहुंचे और मोनू नामक व्यक्ति के बारे में पूछने लगे। इसके बाद आरोपितों ने लकड़ी के बिट्टों से मारपीट शुरू कर दी।

### चाकू से हमला करने के आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना सदर सोनीपत पुलिस ने चाकू से वार कर गंभीर चोटें पहुंचाने की घटना में चार अपचारी बालकों को अभिरक्षा में लेने के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अक्षय, अर्पित उर्फ डेविल और कमल निवासी गांव सलीमसर माजरा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 7 मार्च को सलीमसर माजरा निवासी प्रियांशु ने शिकायत दी थी कि 6 मार्च की शाम वह मोटरसाइकिल से सामान लेने जा रहा था। जब वह गांव बस स्टैंड के पास पहुंचा तो पुराने विवाद के चलते आरोपितों ने उसका रास्ता रोक लिया था।

### घर से बाइक व मोबाइल चोरी का आरोपी दबोचा

**खरखौदा।** पुलिस ने घर से बाइक व मोबाइल चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हिमांशु गांव रिढ़ाऊ के रूप में हुई है। 30 मार्च को गौरव ने थाना खरखौदा में शिकायत दर्ज दी थी कि घर से रात को अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक और दो फोन चोरी कर ले गया। मामले की जांच के दौरान थाना खरखौदा की टीम में तैनात मुख्य सिपाही विकास ने टीम के साथ कार्रवाई करते आरोपी हिमांशु को काबू कर लिया।

### शॉर्ट सर्किट से जली गेहूं की फसल का मुआवजा मांगा

**गन्नौर।** गांव गुमड़ में शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल जलने के मामले में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकारी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पहल के नेतृत्व में किसानों ने गन्नौर बिजली कार्यालय परिसर में धरना देकर मुआवजे की मांग की। किसानों का आरोप है कि 13 अप्रैल को दोपहर बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई, जिससे कई एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसानों ने घटना के लिए बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। किसानों ने बिजली प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### पदोन्नति में नियमों की अनदेखी के आरोप

**सोनीपत।** पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्य जीवन सिंह ने वन विभाग में वन भूमि के उपयोग और पदोन्नति मामलों में नियमों की अनदेखी के आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। कहा कि वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग के लिए केंद्र सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की अनुमति आवश्यक होती है। इसके बावजूद नवंबर 2025 में सोनीपत में बड़वासनी पंचायत की भूमि से गोहाना-सोनीपत हाईवे पर एक प्राइवेट कंपनी को मिट्टी उठाने की अनुमति दिए जाने का आरोप लगाया गया है।

---

### जिप की बैठक में अधिकारियों की मनमानी पर आक्रोशित पार्षद बोले

# जब जिम्मेदार अधिकारी ही गायब रहेंगे तो जनसमस्याओं का समाधान कैसे होगा

- अनुपस्थित 12 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला परिषद की बुधवार को आयोजित बैठक विकास कार्यों की चर्चा से अधिक अधिकारियों की मनमानी और पार्षदों के आक्रोश की भेंट चढ़ती नजर आई। बैठक शुरू होते ही सदन में उस समय भारी हंगामा खड़ा हो गया जब बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी नदारद मिले। जन प्रतिनिधियों के कड़े तेवरों और वॉकआउट के दबाव के बाद जिला परिषद सीईओ ने कड़ा रुख अपनाते हुए अनुपस्थित 12 विभागाध्यक्षों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। बैठक की शुरुआत में ही वार्ड नंबर 17 के पार्षद संत कुमार और वार्ड नंबर 18 के पार्षद देवेंद्र कुमार ने अधिकारियों की कुर्सियां खाली देख गहरी नाराजगी जताई। पार्षदों का आरोप था कि जब विकास कार्यों को धरातल पर उतारने वाले जिम्मेदार अधिकारी ही सदन से गायब रहेंगे, तो जनसमस्याओं का समाधान कैसे होगा? विशेषकर पंचायती राज विभाग के मुरथल और राई के एसडीओ की अनुपस्थिति पर पार्षदों ने मेज थपथपाते हुए विरोध दर्ज कराया और बैठक का बहिष्कार कर सदन से बाहर निकल गए। सदन की गरिमा और बैठक की महत्ता को देखते हुए जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका दहिया ने स्वयं बाहर जाकर नाराज पार्षदों को मनाया। पार्षदों को आश्वासन दिया कि अधिकारियों की इस लापरवाही को हल्के में नहीं लिया जाएगा। अध्यक्ष के भरोसे और अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्रवाई के आश्वासन के बाद पार्षद दोबारा सदन में लौटे। अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि इस अधूरी उपस्थिति के कारण 10 दिनों के भीतर दोबारा बैठक आयोजित की जाएगी।





**सोनीपत।** अधिकारियों को जारी किया कारण बताओ नोटिस व बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारी व व रथ पर सवार होकर ढोल के साथ प्रदर्शन करते जिला पार्षद।

#### ढोल-नगाड़ों के साथ रथ पर सवार होकर पहुंचे पार्षद

जिला परिषद की बैठक में जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने अपनी मांगों को लेकर अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। वह रथ पर बैठकर पंचायती राज का पुतला रखकर ढोल-नगाड़ों के साथ बारात के रूप में जिला परिषद की बैठक में पहुंचे। संजय बड़वासनिया ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से जिला परिषद को मजबूत करने और सांसद-विधायक की तर्ज पर वार्ड विकास के लिए कोटा निर्धारित करने की मांग लगातार उठाई जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी में गलत आय दर्ज होने से गरीब परिवारों के बीपीएल कार्ड और बुढ़ापा पेंशन काटी जा रही है। साथ ही किसानों को बायोमेट्रिक हाजिरी और ट्रैक्टर नंबर व्यवस्था के कारण मंडियों में लंबी लाइनों का सामना करना पड़ रहा है।

#### अध्यक्ष के कड़े निर्देश

सदन की कार्यवाही के दौरान मोनिका दहिया ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों के एस्टीमेट तैयार करने में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से एसडीओ और जेई को निर्देशित किया कि वे फाइलों को लटकाने के बजाय जल्द से जल्द कागजी कार्रवाई पूरी कर मुख्यालय भेजें। उन्होंने यह भी अनिवार्य किया कि क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य शुरू होने से पहले संबंधित वार्ड के पार्षद को इसकी सूचना अनिवार्य रूप से दी जाए। कार्य की गुणवत्ता और निर्माण सामग्री के स्तर पर भी उन्होंने कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में मौजूद अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा ने भी अधिकारियों के रवैये पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने पार्षदों को सीधा संवाद करने का सुझाव देते हुए कहा कि यदि किसी अधिकारी के कारण विकास कार्यों में बाधा आ रही है, तो वे सीधे उनसे संपर्क करें। उन्होंने चेतावनी दी कि जिला परिषद के कार्यों में कोताही बरतने वाले किसी भी अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा और उनके सर्विस रिकॉर्ड में इस लापरवाही को दर्ज किया जा सकता है।

#### सीईओ ने थमाया नोटिस, 2 दिन में मांगा स्पष्टीकरण

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने त्वरित कार्रवाई की है। उन्होंने बैठक से नदारद रहने वाले कुल 12 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा है कि उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि 15 अप्रैल की बैठक के लिए 1 अप्रैल को ही लिखित सूचना भेज दी गई थी। इसके बावजूद बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहना प्रशासनिक प्रोटोकॉल का उल्लंघन और कर्तव्य के प्रति लापरवाही है। संबंधित अधिकारियों को अपना स्पष्टीकरण देने के लिए मात्र 2 दिन का समय दिया गया है।

#### इन अधिकारियों को भेजा नोटिस

- सिविल सर्जन
- समस्त कार्यकारी अभियंता, यूएचबीवीएन
- अधीक्षक अभियंता, सिंचाई विभाग
- कार्यकारी अभियंता, जनस्वास्थ्य विभाग
- कार्यकारी अभियंता, जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग
- जिला समाज कल्याण अधिकारी
- जिला शिक्षा अधिकारी
- कार्यक्रम अधिकारी, आईसीडीएस
- उपनिदेशक, कृषि विभाग
- उपनिदेशक, पशु पालन विभाग
- जिला वन अधिकारी
- उपमंडल अधिकारी, पंचायती राज मुरथल व सोनीपत

---

### संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर को किया नमन

**गोहाना।** शहर में गुढा मार्ग स्थित बैकवर्ड भवन में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जंयती पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई। प्रगतिशील पिछडा समाज महासभा गोहाना द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष शेर सिंह बेडवाल ने की। मुख्य वक्ता संगठन के संरक्षक प्रो. शमशेर भण्डेरी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सर्व समाज के लिए कार्य किया। अंबेडकर ने संविधान में सर्व समाज के हितों को संरक्षित करने का काम किया। मंच संचालन संगठन के दूसरे संरक्षक सुभाष चंद्र ने किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष शेर सिंह बेडवाल, महासचिव मुख्तियार दांगी, वितिय सचिव सोमपाल सेन, मुख्य सलाहाकार रामदिया रत्तेवाल, रमेश सैनी, मास्टर दलवीर, मास्टर आजाद रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।

### दांतों की नियमित साफ सफाई करें : डॉ. अंकिता

**गोहाना।** गांव धनाना स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौखिक स्वास्थ्य माह के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में अच्छे स्वास्थ्य के लिए दांतों की साफ-सफाई के महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनवासा से दंत विशेषज्ञ डॉ. अंकिता ने आशा वर्कर्स को संबोधित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए मुंह का स्वस्थ होना जरूरी है। मौखिक स्वास्थ्य के लिए दांतों की नियमित साफ-सफाई का बहुत महत्व है।

---



**सोनीपत।** डीडीपीओ को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### खान कॉलोनी में अवैध निर्माण हटाने की मांग

**सोनीपत।** अखंड हिंदू स्वाभिमान संगठन ने खान कॉलोनी क्षेत्र में कथित अवैध निर्माण को हटाने की मांग को लेकर जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रमुख मनीष राई ने ज्ञापन में कहा कि सरकारी जमीन पर किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के साथ-साथ कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मनीष राई ने आरोप लगाया कि नगर निगम सोनीपत क्षेत्र की खान कॉलोनी में सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण चल रहा है, जिसकी जानकारी निगम अधिकारियों को भी है, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस भवन से पूर्व में पत्थरबाजी और स्थानीय निवासियों पर हमले की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रत्येक शुक्रवार को इस स्थान पर बड़ी संख्या में बाहरी लोगों के आने से स्थानीय निवासियों, विशेषकर महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। इस मौके पर अखंड हिंदू स्वाभिमान की टीम से रमेश जांगड़ा मीडिया प्रभारी, सुभाष देवडु, केशव कुमार आदि मौजूद रहे।

### जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन चार स्कूल की छात्रों को साइकिल वितरित

**सोनीपत।** इनरव्हील क्लब स्वर्ण सोनीपत में जिला चेयरमैन दीपिका बाली का आधिकारिक दौरा हुआ। क्लब प्रधान विभा कुमार, उपप्रधान उषा भंडारी, पूर्व प्रधान नीतू दहिया, सचिव मंजू छिकारा सहित सभी सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। चेयरमैन ने सबसे पहले एग्जीक्यूटिव मीटिंग में पदाधिकारियों के रिकॉर्ड की जांच की। इसके बाद जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित की गई, चार स्कूल की लड़कियों को साइकिल दी व तीन छात्राओं की फीस जमा कराई गई। एक जच्चा को आर्थिक सहायता और एक बच्चे को पुस्तकें भी प्रदान की गईं। दीपिका बाली ने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए सभी सदस्यों का परिचय लिया और नए सदस्यों को पिन पहनाए। कार्यक्रम का मंच संचालन पुष्पा भूटानी ने किया, जबकि सुमन खन्ना ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### आढ़तियों ने अव्यवस्था पर जताया विरोध

**खरखौदा।** अनाज मंडी खरखौदा में बुधवार को आढ़तियों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन करते मंडी पर ताला जड़ दिया। आढ़तियों का आरोप है कि जो फसल खरीदी जा चुकी है, वह अब तक पोर्टल पर वेरीफाई नहीं हुई है, जिसके चलते किसानों का भुगतान अटका हुआ है। आढ़ती अशोक ने बताया कि खरीदे गए अनाज की अब तक लिफ्टिंग नहीं हो पाई है, जिससे मंडी में अव्यवस्था का माहौल बन गया है। आढ़ती एसोसिएशन के चेयरमैन रोहतास दहिया उर्फ नेता जी ने गेहूं खरीद प्रक्रिया में भी अनियमितताओं के आरोप लगाए गए। नरेश दहिया, बीरबल सेहरी, बलवान नंबरदार, सतबीर ठेकेदार, रामकुमार राणा, प्रमोद, जीता आदि ने मंडी में व्याप्त खामियों की तरफ ध्यान आकृष्ट किया। प्रदर्शन के दौरान मंडी के बाहर सड़कों के दोनों ओर ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी कतारें लग गईं।



**सोनीपत।** विरोध प्रदर्शन करते यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### एफडी घोटाले के मामले की जांच के लिए रखा जाए विवि की फाइनेंस कमेटी की मीटिंग में : प्रधान

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल की नॉन टीचिंग यूनियन ने मांग की है कि 16 अप्रैल को विवि की फाइनेंस कमेटी में करोड़ो के एफडी घोटाले को विवि की फाइनेंस कमेटी के सामने रखा जाए तथा इस मामले में जो भी दोषी पाए जाते है उनके खिलाफ सख्त से सख्त कारवाई की जाये। दीक्षांत समारोह में 76 हजार में बने बेक ड्राप पोस्टर घोटाले की जांच भी कराई जाए। नान टीचिंग यूनियन का अपनी लंबित व जायज मांगों को लेकर धरना जारी रहा है। बुधवार को धरने पर नॉन टीचिंग यूनियन के प्रधान सुरेश पूठी ने कहा कि 16 अप्रैल को विश्वविद्यालय की फाइनेंस कमेटी की मीटिंग होनी है। प्रधान ने विवि प्रशासन के सामने फाइनेंस कमेटी की मीटिंग में विश्वविद्यालय के करोड़ो के छात्र फंड के एफडी घोटाले को रखे जाने की मांग की है, जिसके कारण प्रदेश सरकार को सालाना 4.25 करोड़ रुपए का नुक्सान हो रहा है।



**सोनीपत।** विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### राज्य स्तरीय साइंस क्विज में जीवीएम की टीम रही अव्वल, मिला एक लाख रुपये का पुरस्कार

**सोनीपत।** राज्य स्तरीय साइंस क्विज कंपीटिशन में जीवीएम गर्ल्स कालेज की टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर एक लाख रुपये की पुरस्कार प्राप्त किया। जीवीएम संस्थाओं के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेता टीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डीन प्राध्यापिका डा. अनीता सैनी ने जानकारी दी कि हरियाणा स्टेट काउंसिल फोर साइंस, इनोवेशन एंड टैक्नॉलोजी के संयोजन में दयाल सिंह कालेज करनाल में 15 अप्रैल को राज्य स्तरीय साइंस क्विज कंपीटिशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही जीवीएम की टीम ने राज्य स्तर पर स्वर्णिम पताका फहराई, जिसके लिए टीम को एक लाख रुपये के पुरस्कार से सुशोभित किया गया। जीवीएम की क्विज टीम में बीएससी कंप्यूटर साइंस तृतीय वर्ष की छात्रा तमन्ना व बीएससी मेडिकल द्वितीय वर्ष की बुलबुल और बीएससी नॉन मेडिकल तृतीय वर्ष की छात्रा खुशी दहिया शामिल रही।

### गुरमेल ने राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीती चांदी

**गोहाना।** बाल भारती विद्यापीठ, गोहाना के कक्षा 10वीं के छात्र गुरमेल ने राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर अपना व अपने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। बुधवार को विद्यालय में गुरमेल को एमडी हरिप्रकाश गौड़ और सहायक प्रबंधक रचित गौड़ ने सम्मानित किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या सोनू शर्मा ने की। नागपुर में 5 से 11 अप्रैल तक 7वीं अंडर-17 जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई। छात्र गुरमेल ने इस चैंपियनशिप में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक कब्जा लिया।

### आग पर काबू पाने के दावों की खुली पोल अफसर सरकार को कर रहे गुमराह : खत्री

**सोनीपत।** हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर हड़ताली कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मुख्य दमकल केंद्र, नगर निगम कार्यालय परिसर में 8वें दिन भी हड़ताल जारी रखी। अध्यक्षता राज्य वरिष्ठ उपप्रधान एवं जिला प्रधान राजीव खत्री, मंच संचालन जिला सचिव अमित दहिया ने किया। दमकल कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर एकजुटता से प्रदर्शन किया। राज्य वरिष्ठ उपप्रधान राजीव खत्री ने कहा कि गर्मी के मौसम के चलते प्रदेशभर में रोजाना सैकड़ों जगह आगजनी की घटनाएं होती हैं, लेकिन इसके बावजूद जिला स्तर के फायर अधिकारी सरकार को ये कहकर गुमराह कर रहे हैं कि आग बुझाने का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है, जबकि वास्तविक स्थिति इससे बिल्कुल अलग है। इसका दुखद उदाहरण बुधवार को बदाना-ककरोई में देखने को मिला, जहां गेहूं के खेतों में आग लगने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी समय पर नहीं पहुंची।



सोनीपत। नगर निगम कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे दमकल विभाग के कर्मचारी।



**सोनीपत।** बड़ा बाजार में निकाली कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

### कलश यात्रा निकाल परशुराम जन्मोत्सव एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का किया शुभारंभ

**सोनीपत।** ब्राह्मण उत्थान समिति की ओर से बुधवार को प्राचीन सत्यनारायण मंदिर साबुन दरवाजा में 5 दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ किया जाएगा। समारोह की शुरुआत सुबह हलवाई हट्टा स्थित पंचायती ठाकुरद्वारा मंदिर में गणेश पूजन व कलश यात्रा निकालकर की गई। सर्वप्रथम पंडित अमित शौनक ने मंत्रोच्चारण के साथ यजमान मुकेश शर्मा व रितु शर्मा से गणेश पूजन और विनोद शर्मा व सरिता शर्मा से कलश पूजन करवाया। इसके बाद कलश यात्रा में पंचायती ठाकुरद्वारा मंदिर से 51 महिलाओं ने कलश उठाए। सतनारायण मंदिर में शाम को राठधाना से राजकुमार शर्मा, अनीता शर्मा, देवेंद्र गौड़ व राजरानी ने कर्मकुटी, हवन में आहुति डालकर आरती में भाग लिया। समिति के अध्यक्ष पंडित मुकेश शर्मा ने बताया कि 19 अप्रैल को वेदी पूजन, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भंडारा लगाया जाएगा।

---

### वाहन बिना तिरपाल ढके सड़कों पर दौड़ रहे, जिम्मेदार अधिकारी मौन

# मिट्टी से भरे ओवरलोडिंग डंपरों से उड़ती धूल बन रही परेशानी

*धूल की वजह से ग्राहक दुकान में रुकना भी पसंद नहीं कर रहे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

मिट्टी से भरे ओवरलोडिंग डंपरों से उड़ती धूल से लोग परेशान है। खुले में मिट्टी ढो रहे भारी वाहन दोपहिया वाहन चालकों, दुकानदारों और पैदल राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं। हालात यह हैं कि प्रशासन की नाक के नीचे से ये ओवरलोडिंग डंपर धड़ल्ले से गुजर रहे हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे हुए नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि मिट्टी से लदे ये वाहन बिना तिरपाल ढके सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे हर समय धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। इससे न केवल दृश्यता प्रभावित होती है, बल्कि सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। दोपहिया वाहन चालकों का कहना है कि कई बार आंखों में मिट्टी घुस जाने से संतुलन बिगड़ जाता है और दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। कुछ लोगों ने बताया कि वे रोजाना इसी समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही। दुकानदारों की परेशानी भी कम नहीं है। कई दुकानदारों ने कहा कि धूल की वजह से ग्राहक दुकान में रुकना भी पसंद नहीं करते, जिससे उनके व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है।



**गन्नौर।** बगैर तिरपाल ढके सड़क पर दौड़ रहे मिट्टी के ओवरलोड डंपर ।

#### सभी डंपरों को तिरपाल से ढकना अनिवार्य

गौरतलब है कि पूर्व में तत्कालीन जिला उपायुक्त द्वारा स्पष्ट और सख्त निर्देश जारी किए गए थे कि मिट्टी से भरा कोई भी वाहन खुला नहीं चलेगा। सभी डंपरों को तिरपाल से ढकना अनिवार्य होगा और जिन रास्तों से ये वाहन गुजरेंगे, वहां नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाएगा, ताकि धूल न उड़े और आमजन को परेशानी न हो। लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद ये आदेश कागजों तक ही सीमित रह गए हैं और ओवरलोडिंग वाहन पूरी तरह बेलगाम हो चुके हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोडिंग डंपरों पर तत्काल रोक लगाई जाए, खुले में मिट्टी ढोने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और पूर्व में जारी निर्देशों को सख्ती से लागू कराया जाए।

#### चालान के साथ इंपाउंड किया जाएगा

एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि जो ओवरलोड मिट्टी के वाहन चल रहे है उनका पहले भी चालान किए गए थे और आगे भी कोई बगैर तिरपाल ढके वाहन चलता पाया गया तो आरटीओ से इनके फिर चालान करने के साथ इनको इंपाउंड भी किया जाएगा।

**PUBLIC NOTICE**

I, Dr. Sarita Lakra widow of Hansraj, R/o H.No. 2-A/401, B.T.W Grand Square Tower, Kundli, Sonepat do hereby solemnly affirm and declare as under That the deponent andher husband namely Hansraj purchased a flat No. 2A/401, B.T.W. Tower, Kundli, Sonepat. The deponent and her husband were owners of the above said flat in equal manner i.e. half share each as per the documents.

That Hansraj of the deponent had died deponent and her daughter Akshita behind him. Now after the death of Hansraj husband of deponent, half share of husband came to the name of deponent and her daughter Akshita legally. That now the deponent and her daughter became the absolute owners in possessin of flat n o. 2A/401, BTW Tower, Kundli, Sonepat because the share of Hansraj came to the name of the deponent and their daughter Akshita. That now there is no interference of anybody in the flat mentioned above except the deponent and her daughter. That now there is no legal hitch to get registered the ownership in the name of deponent and her daughter Akshita.

## खबर संक्षेप



### अमरनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं को निराशा

**सोनीपत।** अमरनाथ यात्रा पर जाने से पहले बुधवार को बैंक में ऑनलाइन पंजीकरण कराने पहुंचे श्रद्धालुओं को उस समय निराशा हाथ लगी, जबकि मॉडल टाउन स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में साइट न चलने से पंजीकरण नहीं हो सका। बुधवार को ही ऑनलाइन पंजीकरण व बायोमेट्रिक प्रक्रिया शुरू होनी थी। सुबह 8 बजे श्रद्धालु पंजीकरण कराने के लिए बैंक में पहुंचना शुरू हो गए थे। चार घंटे तक इंतजार करने के बाद श्रद्धालुओं को वापस लौटा दिया।

### विदेश में पढ़ रहे रिश्तेदार बनकर छह लाख ठगे

**सोनीपत।** गांव खुबडू निवासी किसान बलराज को झांसे में लेकर साइबर ठगों ने विदेश में पढ़ रहा रिश्तेदार बनकर छह लाख रुपये ठग लिये। व्हाट्सएप कॉल के जरिए खुद को जतिन बताकर ठगों ने पहले भरोसा जीता और फिर खाते में 15 लाख रुपये भेजने का झांसा देकर फर्जी रसीद भेजकर किसान को गुमराह किया।

### निगम चुनाव को लेकर अधिकारी नियुक्त

**सोनीपत।** निगम मेयर चुनाव के लिए शुगर मील सोनीपत की एमडी डॉ. अनमोल को सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगी। नगर निगम मेयर के लिए उम्मीदवार अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल करवा सकेंगे। वार्ड 01 से 05 के निगम पार्षद चुनाव के लिए एसडीएम गोहाना अंकित कुमार को, वार्ड 06 से 10 के लिए एसडीएम खरखौदा अमित को, वार्ड 17 से 22 के लिए भगत फूल सिंह मेडिक कॉलेज खानपुर के अतिरिक्त निदेशक (प्रशासक) सुरेन्द्र सिंह को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## निगम चुनाव : टिकट के लिए भाजपा में घमासान, शह-मात का खेल शुरू

# मेयर के लिए 13 दावेदार, 22 वार्डों के पार्षद पद के लिए 200 ने ठोकी ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम चुनावों की रणभेरी बजते ही जिले की सियासत में उबाल आ गया है। सत्ताधारी भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के बीच शह और मात का खेल शुरू हो चुका है। जहां एक ओर भाजपा में मेयर और पार्षद टिकट के लिए आवेदन करने की समय सीमा बुधवार शाम को समाप्त हो गई, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने अपने योद्धाओं के चयन के लिए वीरवार को दिल्ली में हाई लेवल मीटिंग बुलाई है। सोनीपत की राजनीति के केंद्र बिंदु नगर निगम पर कब्जे के लिए दोनों ही दल फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं। भाजपा कार्यालय में बुधवार सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदकों का तांता लगा रहा। पार्टी सूत्रों के अनुसार, मेयर पद की प्रतिष्ठित कुर्सी के लिए अंतिम दिन तक कुल 13 दिग्गजों ने अपना दावा पेश किया है। वहीं, शहर के 22 वार्डों में पार्षद बनने की चाहत रखने वालों की संख्या ने भाजपा की चिंता बढ़ा दी है। पार्षद पद के लिए आवेदनों का आंकड़ा 200 के पार निकल गया है, जिससे स्पष्ट है कि इस बार टिकट वितरण पार्टी नेतृत्व के लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगा।

रण भूमि




### 20 या 21 को हो सकता है फैसला

*भाजपा में मेयर पद के लिए आए आवेदनों में शहर के कई जाने-माने नाम शामिल हैं। दावेदारों की सूची में राजीव जैन, अनिल ठक्कर, नीरज आत्रेय, ललित बतरा, अरुण बंसल, नवीन मंगला, बसंत जैन, योगेशपाल अरोड़ा, तरुण गंगवानी, नीरज ठरू, सुनीता लोहचब, संजय वर्मा, राकेश मलिक, राजीव गुप्ता जैसे नाम हैं। भाजपा संगठन अब इन आवेदनों की बारीकी से जांच यानी स्क्रूटनी करेगा। इसके बाद यह सूची अंतिम निर्णय के लिए प्रदेश नेतृत्व को भेजी जाएगी। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि भाजपा आगामी 20 या 21 तारीख तक अपने अधिकृत उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर सकती है।*

### दिल्ली में कांग्रेस की रणनीति पर मंथन

इधर, कांग्रेस ने भी निगम चुनाव के लिए अपनी कमर कस ली है। मेयर और पार्षद पद के लिए दावेदारों की लंबी सूची को देखते हुए पार्टी ने वीरवार को दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस उच्च स्तरीय बैठक में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष, स्थानीय विधायक और सांसद शामिल होंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा स्थानीय समीकरणों और जमीनी फीडबैक के आधार पर संभावित उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा करना है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने संकेत दिए हैं कि पार्टी इस बार प्रयोग के मूड में नहीं है, बल्कि हर वार्ड में केवल 'विनेबिलिटी' यानी जीत की क्षमता रखने वाले चेहरों पर ही दांव लगाएगी। दिल्ली की इस बैठक के बाद ही कांग्रेस अपनी आगामी चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देगी।

### वार्ड 16 और 1 में भीतराघात का डर

भाजपा में पार्षद पदों के लिए आए आवेदनों के विश्लेषण से पता चला है कि वार्ड नंबर 16 और वार्ड नंबर 1 में सबसे ज्यादा मारामारी है। वार्ड नंबर 16 में भाजपा की टिकट के लिए 20 से अधिक कार्यकर्ताओं ने आवेदन किया है, जबकि वार्ड नंबर 1 में भी 15 से ज्यादा दावेदार कतार में हैं। इन वार्डों में मचे घमासान ने संगठन की धड़कनें बढ़ा दी हैं क्योंकि टिकट कटने की स्थिति में भीतरघात का खतरा भी मंडरा रहा है।

### भाजपा ने आज बुलाई संगठनात्मक बैठक

चुनावी सरगर्मियों के बीच भाजपा ने वीरवार को अपने पार्टी कार्यालय में एक और महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक बुलाई है। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं, चुनाव प्रभारी एवं मंत्री कृष्ण लाल पवार और जवाहर सैनी विशिष्ट अतिथि के तौर पर रणनीतिक मार्गदर्शन देंगे। बैठक में संगठन के पदाधिकारी के साथ बल्कि स्थानीय विधायक भी रहेंगे।



### निकाय चुनाव झाड़ू चिन्ह पर मजबूती से लड़ेगी आप : गुप्ता

**सोनीपत।** आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि पार्टी हरियाणा के तीनों नगर निगम पंचकूला, अंबाला और सोनीपत के चुनाव अपने चुनाव चिन्ह झाड़ू पर पूरी मजबूती से लड़ेगी। उन्होंने यह बात बुधवार को सोनीपत में आयोजित बैठक में कही। इस दौरान हरियाणा के निकाय चुनाव और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि पार्टी नगर निगमों में फैले भ्रष्टाचार को खत्म करेगी। बैठक में जिला अध्यक्ष रणवीर चिकारा, लोकसभा अध्यक्ष लाभ सिंह, प्रत्याशी चयन समिति के अध्यक्ष विमल किशोर, योगेश पाल, विकास दहिया, शेर मोहम्मद, विकास, बबीता, जोगा पहलवान, सतीश कुमार, विनोद कुमार, मनजीत, नरेश कौशिक, दीपक चुग, जयपाल, राजकुमार, सिद्धार्थ रोहिल्ला, सरोज बाला राठी, अजय टोंक, प्रदीप कुमार, , ईश्वर दहिया, राहुल, रोहित, वंश, मनोज लाकड़ा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष आम आदमी पार्टी हरियाणा सुरेन्द्र अहलावत अन्य मौजूद रहे।

## कमल दीवान की मौजूदगी में कांग्रेस ने कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड नंबर-1 स्थित जटवाड़ा सैनी चौपाल में बुधवार को एक जनसभा का आयोजन किया गया। मनीष सैनी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने भारी संख्या में शिरकत की। सभा में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष (शहरी) कमल दीवान और पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार मौजूद रहे। शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण आज हर वर्ग परेशान है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और शहर की चरमराती सफाई व्यवस्था ने जनता का जीना मुहाल कर दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर भाजपा की कुनीतियों को उजागर करें और कांग्रेस की लोकहितकारी नीतियों से लोगों को अवगत कराएं।

- वार्ड नंबर-1 स्थित जटवाड़ा सैनी चौपाल में जनसभा



**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचें कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक का स्वागत करते हुए।

### शहर की दशा बदलने का काम करेंगे: पंवार

पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि आगामी नगर निगम चुनाव शहर की दशा और दिशा बदलने का काम करेंगे। वार्ड नंबर-1 की समस्याओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाना कांग्रेस का मुख्य लक्ष्य है। मनीष सैनी ने सभा का कुशल संचालन करते हुए विश्वास दिलाया कि वार्ड-1 का हर कार्यकर्ता एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूती प्रदान करेगा। इस अवसर पर अरुण, विक्रम, प्रसाद शर्मा, कुलदीप देशवाल समेत भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## 10वीं बोर्ड परीक्षा में स्कूलों का शानदार परिणाम

### हैप्पी चाइल्ड स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम, शगुन ने किया स्कूल में टॉप



**गन्नौर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गन्नौर के हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के निदेशक संजय नागपाल व सुनील नागपाल ने बताया कि विद्यालय की छात्रा शगुन ने 500 में से 495 अंक (99 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। जागृति ने 482 अंक (96.4 प्रतिशत) के साथ दूसरा और वंशिका ने 473 अंक (94.6 प्रतिशत) लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अमृता (470 अंक), वंशिका (468 अंक) और खुशी (467 अंक) ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। अन्य विद्यार्थियों में आस्पन (460 अंक), सारिका (457 अंक), स्नेहा, जितेन वर्मा, सक्षम सहित कई छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर स्कूल के निदेशक संजय नागपाल व सुनील नागपाल ने प्रधानाचार्या रीता नागपाल, निधि नागपाल, शिक्षकों व विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### इंडियन स्कूल की तनिशा ने 99% अंक लेकर किया टॉप, प्राचार्य ने दी बधाई



**सोनीपत।** सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम इंडियन स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। स्कूल के कुल 129 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें से 24 विद्यार्थियों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 52 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया है। छात्रा तनिशा ने 99 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम तथा जिले में तृतीय स्थान हासिल किया है। प्रिया ने 98.2 अंक प्राप्त कर स्कूल द्वितीय स्थान व दीया ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई गई। प्रधानाचार्य राजेंद्र गाहल्याण, प्रबंधम नीलम व अन्य स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

### गेटवे इंटरनेशनल स्कूल की सुखेन और सानवी के 98.4 प्रतिशत पाए



**सोनीपत।** सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गेटवे इंटरनैशनल स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। परीक्षा में सुखेन चावला एवं सानवी मुंजाल ने 98.4, प्रतिव वधवा ने 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्राचार्य प्रेम कुमार ओझा एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### हैप्पी चाइल्ड विद्यालय की रिषिता के 97.2 प्रतिशत अंक किए हासिल

**सोनीपत।** हैप्पी चाइल्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। छात्रा रिषिता ने 97.2, भीषण ने 97, सिया व लक्ष्य 95 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा अंशिका, यातिका, आरती, परीसा, सिद्धि, नंदिनी व अक्षिता ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल के चेयरमैन नरेंद्र बाल्यान, प्राचार्य सुदेश बाल्यान ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### छात्रा मनस्वी ने 99% और उदय ने 98% अंक अर्जित कर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया



**गोहाना।** विद्या भारती द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर, गोहाना के विद्यार्थियों ने (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। घोषित परीक्षा परिणाम में छात्रा मनस्वी ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान और छात्र उदय ने 98 प्रतिशत अंक अर्जित करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में छात्रा हर्षिता ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

### प्रताप स्कूल का कुशल दहिया वर्ल्ड ताइक्वांडो के लिए उज्बेकिस्तान रवाना

**खरखौदा।** प्रताप स्कूल खरखौदा के होनहार खिलाड़ी कुशल दहिया वर्ल्ड ताइक्वांडो जूनियर चैंपियनशिप 2026 में भाग लेने के लिए उज्बेकिस्तान के लिए रवाना हो गए हैं। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 15 से 17 अप्रैल 2026 तक ताशकंद में आयोजित की जाएगी, जहां दुनिया भर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। गांव नसीरपुर निवासी कुशल दहिया 68 किलोग्राम भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। कुशल ने अपनी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। वे पहले ही तीन बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुके हैं, जो उनकी खेल प्रतिभा और लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है। कुशल के उज्बेकिस्तान रवाना होने से पहले स्कूल में उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर स्कूल के संस्थापक सत प्रकाश दहिया, प्राचार्य दया दहिया और अकादमिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने विश्वास जताया कि कुशल अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी शानदार प्रदर्शन करेंगे और देश का नाम रोशन करेंगे। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया ने बताया कि कुशल की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है और अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी। कुशल की मेहनत और लगन उन्हें सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।



### पुलिसकर्मियों पर झूठा आरोप लगाने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली बॉर्डर के पास शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो युवकों और दो महिलाओं ने पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए पुलिसकर्मियों पर ही गंभीर आरोप लगा दिए। आरोपितों ने डायल 112 पर शिकायत कर पुलिस पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया, लेकिन जांच में शिकायतकर्ता ही नशे की हालत में पाए गए। कुंडली थाना पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। कुंडली थाना के एसआई महेंद्र सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराई कि मंगलवार देर रात वह पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान कुंडली गांव के पास सर्विस रोड पर एक थार और एक स्कॉर्पियो के पास दो महिलाएं और दो युवक खड़े दिखाई दिए।

## सीवर लाइन दबाने के नाम पर उखाड़ी सड़क, दो माह बीते, अधर में छोड़ा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

करोई रोड स्थित विकास नगर की गली नंबर 3 में निर्माणाधीन गली का काम दो माह से अधर में लटका पड़ा है। लोगों का आरोप है कि नगर निगम ने करीब 5 माह पहले सीवर लाइन दबाने के नाम पर गली की सड़क को उखाड़ा था, लेकिन करीब दो माह से निर्माण सामग्री सड़क पर बिछाने के बाद काम को बीच में ही छोड़ दिया है। ऐसे में स्थानीय लोगों के साथ राहगीरों व वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ रही है। दोपहिया वाहन चालक पत्थर व रोड़ी के कारण कई बार गिरकर चोटिल हो चुके हैं। अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। पुनीत, अमित, राजपाल, मोहित ने बताया कि विकास नगर की गली नंबर-3 में सड़क निर्माण कार्य दो माह से अधर में लटका हुआ है।



### स्थानीय लोगों को हो रही परेशानी

*ऐसे में स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही राहगीर व वाहन चालक भी परेशान हैं। लोगों ने बताया कि सड़क पर पड़ी निर्माण सामग्री के कारण आवाजाही में दिक्कत हो रही है। आए दिन धूल उड़ने से लोगों को सांस संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मानसून का मौसम सिर पर है। बारिश होने के कारण स्थिति और खराब हो जाएगी। कीचड़ व जलभराव के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को जोखिम उठाकर गुजरना पड़ेगा।*

### कल्पना स्कूल का सीबीएससी का 10 वीं परीक्षा का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**खरखौदा।** खांडा रोड स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने सीबीएससी कक्षा 10 वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100% रहा। विद्यालय के मेधावी छात्रों में निशु ने 97.4%, जोशिका ने 96.4%, उर्मी ने 95.8%, माहि ने 94.2% तथा तन्वी ने 92.8% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्या उषा वत्स व प्राइमरी को-ऑर्डिनेटर रितु ने विद्यार्थियों, अभिभावकों व समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### पशुवाडे का ताला तोड़ भैंस व कटिया चोरी, केस दर्ज

**गन्नौर ।** गांव खेड़ी तगा में अज्ञात चोरों द्वारा पशुबाड़े का ताला तोड़कर भैंस व कटिया चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित अशोक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह निजी नौकरी करता है। 14 अप्रैल की रात करीब 10 बजे वह अपनी भैंस व कटिया को चारा डालकर गांव में बने अपने घेर से घर चला गया था। अगले दिन 15 अप्रैल की सुबह करीब 5 बजे जब वह दोबारा घेर पर पहुंचा तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर से भैंस व कटिया गायब थे। उसने आशंका जताई कि अज्ञात चोर रात के समय ताला तोड़कर पशुओं को चोरी कर ले गए।

### महिलाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर सशक्त भारत का संदेश दिया

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम बनेगा मजबूती का माध्यम : अरविंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी सशक्तिकरण की दिशा में बीते 11 साल में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, उनमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण और राजनीतिक मजबूती का सबसे बड़ा माध्यम बनेगा। नारी शक्ति वंदन पदयात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। बुधवार को सहकारिता मंत्री नारी शक्ति वंदन पदयात्रा के शुभारम्भ पर सेक्टर-7 स्थित कम्युनिटी सेंटर में एकत्रित महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के लिए क्रांतिकारी पहल है जो लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त करेगा। इससे महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और अधिक मजबूत होगी तथा वे नीति-निर्माण और निर्णय प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी। मंत्री ने कहा कि आज देश के कई राज्यों में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को 50 प्रतिशत तक भागीदारी मिल रही है, जिससे वे जमीनी स्तर पर नेतृत्व कर बदलाव ला रही हैं।




**गोहाना।** प्रदेश समाज कल्याण बोर्ड की चेयरपर्सन सुमित्रा चौहान को सम्मानित करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### सशक्त भारत निर्माण में सहयोग करें

*प्रदेश समाज कल्याण बोर्ड की चेयरपर्सन एवं नारी शक्ति वंदन पदयात्रा सोनीपत लोकसभा की संयोजक सुमित्रा चौहान ने कहा कि सशक्त भारत निर्माण के लिए नारी का सशक्त होना जरूरी है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण में एक नया अध्याय लिखेगा। महिलाएं सशक्त भारत निर्माण में अपना सहयोग दें।*

### सैकड़ों महिलाएं पदयात्रा में शामिल

अब यह पहल राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच रही है, जो लोकतंत्र को अधिक समावेशी और सशक्त बनाएगी। कार्यक्रम के अंतर्गत सैकड़ों महिलाओं ने हाथों में तिरंगे लेकर कम्युनिटी सेंटर से लेकर डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक तक पदयात्रा निकाली। पदयात्रा में विधायक निखिल मदान, जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, बिजेंद्र मलिक, सतीश नांदल, माईराम कौशिक, डॉ अरविंद शर्मा की पत्नी डॉ. रीटा शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की पत्नी गीता बड़ौली, पूर्व मंत्री कविता जैन, प्रदेश समाज कल्याण बोर्ड की चेयरपर्सन सुमित्रा चौहान, डॉ. किरण कलकल, नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी, सोनिया मोर, मोनिका दहिया, नीतू सांगवान, रीना शर्मा, राकेश कुमारी, तेजेंद्र, डॉ. राममेहर राठी, एसडीएम गोहाना अंकित कुमार, सीटीएम सोनीपत सिमरन और एमडी शुगर मिल आहुलाना अंकिता वर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है
भारत के तेजी से बढ़ते हिन्दी समाचार-पत्र हरिभूमि को सोनीपत शहर में डोर-टू-डोर मार्केटिंग के लिए उत्साही, योग्य व आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जो मीडिया के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं



आयु : 18 से 30 वर्ष तक
योग्यता : 10+2 या इससे अधिक
वेतन : योग्यतानुसार (वेतन बुकिंग अनुसार)
मिलने का समय : प्रातः 11.00 से सायं 5.00 बजे तक (कार्यदिवस को)
अपना बायोडाटा मोबाइल नं. 9253681005 पर व्हट्सअप करें या hbcircurtk@gmail.com मेल करें।
सम्पर्क करें :- हरिभूमि कार्यालय
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010